अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

RRC Hknahan 11 Mar, 2024

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में दिनांक 11 मार्च 2024 को "अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस" के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब एवं महिला प्रकोष्ठ इकाई के संयुक्त तत्वाधान में मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में भाषण में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा हिमानी शर्मा ने प्रथम, महक शर्मा बी.ए. तृतीय वर्ष ने दूसरा एवं आरती शर्मा बी. ए. द्वितीय वर्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रियंका बी. ए. द्वितीय वर्ष ने प्रथम, सोनिका ठाकुर बी.ए.तृतीय वर्ष ने दूसरा और मुस्कान बी. ए. प्रथम वर्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में नीतिका बी. ए. द्वितीय वर्ष ने प्रथम, शिखा शर्मा बी. ए. प्रथम वर्ष ने दूसरा और खुशी शर्मा बी. ए. प्रथम वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया एवं नारा लेखन में श्रुति शर्मा बी. ए. प्रथम वर्ष ने प्रथम, हिमांशी बी. ए. तृतीय वर्ष ने दूसरा और साक्षी शर्मा बी.ए. द्वितीय वर्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब एवं महिला प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. मोल्लम डोलमा ने "नारी सशक्तिकरण और जागरूकता" विषय पर अपना व्याख्यान दिया। इसके अलावा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए एक वीडियो भी दिखाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ .अनीता ठाकुर ने नारी को सम्मान देते हुए मां की ममता, त्याग और उसके महत्व पर एक गज़ल प्रस्तुत की और विद्यार्थियों को इसी तरह विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात् सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य महोदया द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रो. जगमोहन ठाकुर, डॉ. सुध्यान सिंह, प्रो. दिनेश कुमार , प्रो. सुदेश कुमार, प्रो. कृष्ण दत्त, डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. प्रियंका सराओ एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।